# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(भाग 1—कार्यवाही पश्नोत्तर)

बुधवार, तिथि 30 जून 1976

विषय-सूची ।

| | पृष्ठ । |
|---|---|
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर .. .. .. | 1-2 |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या 559—570, 573—576, 578, 580—583, 585, 586, 588, 591, 592, 594, 597, 599—602, 604, 605, 607, 611—618, 622—625, 629, 632, 636—640, 642, 645, 649—652, 658, 661 एवं 662 । | 3—56 |
| परिशिष्ट (प्रश्नों के लिखित उत्तर) .. .. | 57—62 |
| दैनिक निबंध .. .. .. | 63—65 |

टिप्पणी—जिन मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित नहीं किया है उनके नाम के आगे (*) चिह्न लगा दिया गया है ।

विद्यालय का उत्क्रमण ।

658. श्री राम चरित्र राय यादव—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड थाना के बराहां उच्च विद्यालय में 125 छात्र-छात्राएं पढ़ती हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय में केवल तीन शिक्षक ही हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त उच्च प्राथमिक विद्यालय के साथ उत्साही युवक एवं शिक्षा प्रेमी मध्य विद्यालय भी वहां चला रहे हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार छात्रों की संख्या को देखते हुए उक्त विद्यालय में तीन शिक्षक इकाई देकर इसे मध्य विद्यालय के रूप में उत्क्रमित करने का विचार करती है ?

डा० राम राज प्रसाद सिंह—(1) उत्तर नकारात्मक है । छात्र-छात्राओं की संख्या 109 है ।

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

(3) उत्तर नकारात्मक है ।

(4) मध्य विद्यालय में उत्क्रमण की आवश्यकता नहीं है चूंकि शिक्षकों की संख्या पर्याप्त है एवं एक किलोमीटर दक्षिण में (बेलसंड थाना का ही) एक मध्य विद्यालय मुशहरी में चल रहा है ।

---

पेंशन देने की व्यवस्था ।

661. श्री अजीजुल हक—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि श्री सुरेन्द्र प्रसाद, यांत्रिक अधिदर्शक, अवर-प्रमंडल मुंगेर दिनांक 5 जून 1972 को अवकाश प्राप्त कर चुके हैं परन्तु उन्हें अभीतक पेंशन की स्वीकृति नहीं मिली है, यदि हां, तो अवकाश प्राप्त करने के चार वर्ष बीत जाने के बाद भी श्री प्रसाद की पेंशन की स्वीकृति नहीं देने का क्या कारण है तथा सरकार कबतक पेंशन दिलाने का विचार रखती है ?

श्री करमचन्द भगत—उत्तर स्वीकारात्मक है । श्री सुरेन्द्र प्रसाद, तत्कालीन यांत्रिक अधिदर्शक प्रभारी अवर प्रमंडल, मुंगेर के विरुद्ध सामानों की खरीदगी में

अनियमितता एवं कदाचार के कुछ आरोप हैं जो निगरानी विभाग के विचाराधीन थे। निगरानी विभाग ने अब विभाग को ही आवश्यक कार्रवाई के लिए मामला लौटा दिया है। उक्त मामला अभीतक सरकार के विचाराधीन है। इसका निर्णय सरकार द्वारा हो जाने पर श्री प्रसाद को पेंशन स्वीकृत किया जायगा। श्री प्रसाद को सेवा निवृत्ति की तिथि से अबतक 75 प्रतिशत औपबंधिक पेंशन दिया जा रहा है।

---

## नलकूप की मरम्मत

662. श्री रामफल पासवान--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के लदनियां प्रखंड के पथलगड़ा ग्राम (टोला दोनवारी) में श्री देव नारायण यादव के घर के नजदीक एक सरकारी नलकूप है जो करीब छः माह पूर्व से खराब है, जिसकी मरम्मत सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा नहीं की गई है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त नलकूप की मरम्मत कराने का विचार करती है ?

श्री करम चन्द भगत--नलकूप की मरम्मती हो चुकी है और वह पूर्णतः चालू अवस्था में है।

विश्वनाथ मिश्र
सचिव,
बिहार विधान-सभा।